हरिभूमि
रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 5 अक्टूबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

15 गंगरेल से पानी छोड़े जाने के बाद आधा दर्जन गांव...



16 बिजली बिल में बढ़ौत्तरी, कांग्रेसियों ने रैली निकल...





आवश्यकता है
कपड़े एवं रेडीमेड दुकान में काम करने के लिये
• सेल्समेन-सेल्सगर्ल
• कम्प्यूटर कार्य के लिये लड़के/लड़कियां
• लेडिस स्टॉफ
आकर्षक वेतन दिया जाएगा
काका होजियरी
गंज रोड, नवापारा (राजिम)
फोन : 9893744470

## बिरनपुर हत्याकांड पर कांग्रेस की पत्रवार्ता आज

**फिंगेश्वर।** जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के द्वारा बिरनपुर हत्याकांड एवं सांप्रदायिक हिंसा को लेकर जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता प्रदेश कांग्रेस के सम्माननीय अध्यक्ष श्री दीपक बैज के निर्देशानुसार जिला स्तरीय पत्रकार वार्ता नगर पंचायत फिंगेश्वर के रेस्ट हाउस में दिनांक 5 दिसंबर को दोपहर 12 आयोजित किया गया है। पत्रकार वार्ता में सेवन चंद्राकर पूर्व विधायक महासमुंद उपस्थित होकर पत्रकार वार्ता को संबोधित करेंगे। पत्रकार वार्ता में अमितेश शुक्ल प्रथम पंचायत मंत्री भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष भावसिंग साहू ने दी है।

# पैरी नदी पर पुल निर्माण की मांग अधूरी, जान जोखिम में डालकर एनीकेट पार करने मजबूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के कोपरा-डूमरपाली एनीकेट पर हर साल बारिश में मौत से जंग का नजारा देखने को मिलता है। भारी बारिश के चलते पैरी नदी का जलस्तर बढ़ते ही एनीकेट पर पानी बहने लगता है और यह मार्ग मौत का सफरगाह बन जाता है। लगभग 1 किलोमीटर लंबे इस एनीकेट से रोजाना हजारों लोग आवागमन करते हैं, लेकिन तेज बहाव के बीच यह रास्ता पार करना खुद को खतरे में डालने जैसा है।

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि एनीकेट पर कई बार बड़े हादसे हो चुके हैं। कई लोग बहाव में बह चुके हैं, कई घायल भी हुए हैं। इसके बावजूद रोजमर्रा की मजबूरी और जिले की दूरी कम होने की वजह से लोग इस रास्ते का उपयोग करने से पीछे नहीं हटते। बारिश में जब पानी का बहाव और तेज हो जाता है तब भी लोग अपनी जान जोखिम में डालकर एनीकेट पार करने को मजबूर रहते हैं।

### गरियाबंद-धमतरी को जोड़ने वाला अहम मार्ग

कोपरा-डूमरपाली एनीकेट गरियाबंद और धमतरी जिले को जोड़ने वाला सबसे छोटा और अहम मार्ग है। यही वजह है कि इस रूट पर रोज हजारों की संख्या में लोगों की आवाजाही बनी रहती है। स्कूल-कॉलेज जाने वाले छात्र, किसान, व्यापारी और आम ग्रामीण सभी इस रास्ते पर निर्भर हैं। बारिश में यह मार्ग डूबने से उनकी दिक्कतें कई गुना बढ़ जाती हैं। डूमरपाली हसदा ख़सिोरा नारधा जैसे गांव के किसान रोजमर्रा उपयोग के सब्जी भाजी बेचने कोपरा आते हैं।

### सालों से पुल निर्माण की मांग अधूरी

कोपरा सहित आसपास के गांवों के ग्रामीण लंबे समय से पैरी नदी पर वृहद पुल निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अगर कोपरा से खिसोरा के बीच पैरी नदी पर पक्का पुल बन जाए तो दोनों जिलों के लोगों को सुरक्षित और सुगम मार्ग मिलेगा। हर साल बारिश में जान जोखिम में डालने की नौबत नहीं आएगी। ग्रामीणों का आरोप है कि शासन-प्रशासन को बार-बार मांग और हादसों की जानकारी दिए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सिर्फ आश्वासन मिलते हैं, पर कार्यवाही नहीं होती। लोगों का कहना है कि प्रशासन को चाहिए कि वह तुरंत सर्वे कराकर पैरी नदी पर पुल निर्माण की प्रक्रिया शुरू करे, वरना हालात किसी बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।

# मड़ेली में धूमधाम से मना दशहरा और नवाखाई पर्व



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मड़ेली में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बारिश नहीं रोक पाया रावण दहन को बरसते पानी में राम लक्ष्मण वानर सेना की भव्य झांकी के साथ देवी देवताओं की पूजन अर्चन पश्चात जय श्री राम के गगन चुंभी नारों के साथ रावण भाठा में राम रावण की वार्तालाप के साथ युद्ध हुआ पश्चात रावण का पुतला दहन किया गया। बाजे- गाजे के साथ फटाके फोड़े गए। रैनी पत्ता लूटकर एक दूसरे को बधाई प्रदान किया गया। वापस आकर राम लक्ष्मण सीता माता तथा वानर सेना की पूजा कर आरती उतारी गई। शारदीय नवरात्र पर ग्राम में तीन जगहों पर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा को एक जगह रखकर एक साथ नम आंखों से बिदाई किया गया। बाहर गांव से बाना पार्टी आई हुई थी जो कि आकर्षन का केन्द्र रहा। झांझ मंजीरा मांदर के थाप पर खूब थिरके। इस दिन आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज के द्वारा नवाखाई का पर्व भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। वर्षो पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए दशहरा उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ में मनाया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्रामीण अध्यक्ष जोहत राम सिन्हा, तुकेश्वर ठाकुर, ग्राम पटेल कामता प्रसाद साहू, भूषण ठाकुर, भोलेनाथ, प्रेमनारायण ध्रुव, दीनबंधु ठाकुर, करण ठाकुर, टंकेश्वर, भूपेंद्र ठाकुर, एस कुमार, नीलाम्बर ध्रुव, विष्णु निषाद, पुराण ठाकुर, भाव सिंह ध्रुव, जागेश्वर ध्रुव, यादराम निषाद, रोशन यादव, लोमश साहू आदि का सहयोग रहा।

# फिंगेश्वर का राजा दशहरा महोत्सव आज



**फिंगेश्वर।** नगर में इस बार राजा दशहरा महोत्सव का आयोजन 5 अक्टूबर रविवार को मंदिर ट्रस्ट कमेटी फिंगेश्वर के द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर राजा दशहरा देखने दूर-दूर से लोग आयेंगे। दशहरे को लेकर राजमहल रोड से लेकर पुराने बस स्टेंड तक विभिन्न प्रकार की दुकानें सज रही है जो आज पूरी हो जायेगी। कार्यक्रम में रात्रि कालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम नाच पार्टी का एक से अधिक स्थानों आयोजन होंगे। राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह एवं परिवार के द्वारा प्रातः राजमहल में देवघर, दफतर पूजा, सभी मंदिरों की पूजा अर्चना किया जावेगा। वहीं पर रात्रि मे राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह से नागरिकों से सुपारी भेंट करेंगे। उसके बाद राजा की भव्य शोभायात्र निकलेगी और आतिश बाजी के साथ महोत्सव कार्यक्रम मे होगा। राजा निलेन्द्र बहादूर सिंह से मिलने कुरूद के विधायक अजय चंद्राकर, विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक रोहित साहू सहित वीआईपी आज फिंगेश्वर पहुंचेगे।

# नुकीले पिंजरे वाले ट्रैक्टर पहिए से खतरनाक सड़क दुर्घटना की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला परिवहन अधिकारी गरियाबंद ने किसानों एवं आमजन से अपील की है कि ट्रैक्टर वाहनों का उपयोग केवल कृषि कार्यों के लिए ही करें। प्रायः देखा गया है कि खेतों में उपयोग किए जाने वाले ट्रैक्टर जिनमें नुकिले दोहरे पिंजरे वाले पहिए लगे रहते हैं, उन्हें हटाए बिना ही सड़कों पर संचालित किया जा रहा है। ऐसे वाहनों का राष्ट्रीय राजमार्ग एवं राज्य मार्ग सहित सामान्य सड़कों पर संचालन मोटरयान अधिनियम एवं नियमों के विरुद्ध है। इससे सड़क पर आवागमन करने वाले अन्य वाहनों एवं राहगीरों को गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि यदि ट्रैक्टर का उपयोग सड़क पर करना आवश्यक हो तो कृषि उपयोग वाले नुकिले पिंजरे वाले पहियों को अविलंब हटाकर सामान्य पहियों का उपयोग किया जाए। नियमों का उल्लंघन करने पर संबंधित वाहन स्वामियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। परिवहन विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि दुर्घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करने में प्रशासन का सहयोग करें।

BMC
बी.एम. कॉलेज
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.) से संबद्ध
विगत वर्षों में 100% परीक्षा परिणाम
B.Ed.
कॉलेज कोड-114336
ऑनलाइन काउंसलिंग, अंतिम तिथि : 05/10/25
गोकुल नगर, पुलगाँव (शासकीय आई.टी.आई. के पीछे), दुर्ग
Mob. : 87706-38793, 93403-11314, 93038-93829, 93008-50065
Sai समर्थ डेव्हलपर्स & बिल्डर्स
प्लॉट, फॉर्म हाऊस, खेत, मकान, फ्लैट
लुचकी चौक, तमेर पारा, दुर्ग (छ.ग.), मो.- 9303893829, 7000786116

APPROVED
BY TOWN & COUNTRY PLANNING
PCGRERA200423001628
www.rera.cgstate.gov.in
7 Wonder City
ग्रेटर रायपुर का रियल गोल्ड
प्रोजेक्ट जो हर मायने में है सबसे खास
प्रीमियम आवासीय प्लॉट,
लग्जरी रेसिडेंशियल टाउनशिप
रायपुर से पाटन फोरलेन हाइवे पर स्थित,
महादेव घाट के पास




वाटर पार्क
लॉन टेनिस कोर्ट
चिल्ड्रन्स प्ले एरिया
बालिंग एले गेम
7 वंडर सिटी | संपर्क: 7389900999
महादेव घाट के आगे, सांकरा (अम्लेश्वर) पाटन रोड, ग्रेटर रायपुर
Bank Account Name - MARUTI INFRAA CITY PVT LTD 7 WONDER CITY RERA RECEIVABLES ACCOUNT NUMBER 004772500003257 | IFSC CODE - YESB0000047 |
Branch - YES Bank Limited, Civil Lines, Raipur (C.G.) ... Web : www.marutiinfraacitypvtltd.com.
Email : marutiinfraacitypvtltd@gmail.com , Image For Representation Purpose Only

मार्केटिंग एजेंट चाहिए
रियल एस्टेट के क्षेत्र में मार्केटिंग एजेंट बनकर
सुनहरे भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं



देवभोग, मैनपुर, गरियाबंद, फिंगेश्वर, राजिम, नवापारा, अभनपुर में मार्केटिंग एजेंट की आवश्यकता है।
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि. एक प्रतिष्ठित बिल्डर एवं डेवलपर फर्म है, जिसने 10 वर्षों में कई सफल प्रोजेक्ट्स दिये हैं। अपने बिजनेस के विस्तार के लिए हम प्रदान कर रहे हैं एक सुनहरा अवसर जिसमें आप हमारे मार्केटिंग एजेंट बन सुनिश्चित करें अपना एक सुनहरा भविष्य।
एलआईसी एजेंट, म्यूच्युअल फण्ड एजेंट, रियल एस्टेट ब्रोकर, आर्थिक रूप से मजबूत, प्रतिष्ठित व्यक्ति जिनका खुद का व्यवसाय हो संपर्क करें:
मारुति इंफ्रा सिटी प्रा. लि.
Mob. 7974656799
02, सेकंड फ्लोर, कृष्णा कॉम्प्लेक्स, मेन रोड, शंकर नगर, रायपुर
Email: 7wondercitymarketing@gmail.com
7 Wonder City

## खबर संक्षेप

### दुर्गा प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

**महासमुंद।** गायत्री शक्तिपीठ मंदिर सितली नाला खैराभाठा समेत खैरा बस्ती में विराजित माँ दुर्गा प्रतिमा को खैरा तालाब में विसर्जित की गईं। जसगीत के बीच बुधवार को दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन शुरू हुआ। यह सिलसिला देर रात तक चलता रहा। गाजे-बाजे के साथ रंग-गुलाल उड़ाते श्रद्धालुओं ने प्रतिमाओं के साथ गांवों का भ्रमण किया। विसर्जन में महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान कोई अनहोनी न हो, इसके लिए कोतवाली पुलिस कर्मी चौक चौराहे व तालाब में तैनात रहे। इसी तरह पिटियाझार वार्ड 12 में दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।

### खरोरा में मनाया विश्व पशु दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में विश्व पशु दिवस पर गौ माता की पूजा अर्चना की गई। जिसमें संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चन्द्राकर ने कहा कि गौ माता बछड़े की पूजा से जीवन में सुख शांति और संतान की सभी मनोकामनाएं पूरी होते हैं। विश्व पशु दिवस मनाने का उद्देश्य हमारे आसपास रहने वाले जीव जंतुओं के प्रति आपसी लोगों को जीवन के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

### साहू समाज सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने नोहर

झलप। फरफौद निवासी नोहर साहू सिंघी परिक्षेत्र के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर साहू समाज के अध्यक्ष धरम दास साहू, प्रेम साहू, झलप परिक्षेत्र के अध्यक्ष तुकाराम साहू, सचिव एवं झलप सरपंच राकेश साहू, खिलावन साहू, सागर साहू के अलावा जनपद सदस्य बलविंदर सीटू सलूजा, शम्मी सलूजा, जगजीवन सिंह, त्रिलोक सिंह पप्पू सलूजा, किशन कोसरिया, नरेंद्र कौशिक, शेख मोहम्मद शोएब, समीर खान, रिशु सलूजा ने मुलाकात कर हर्ष जताया।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**महासमुंद।** पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की नियमित मासिक बैठक जो प्रतिमाह 1 तारीख को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर में आयोजित की जाती थी, उक्त तिथि को पेंशनर भवन कुरूद धमतरी में अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस एवं नवनिर्वाचित प्रांतीय पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए जाने के कारण स्थगित मासिक बैठक 5 अक्टूबर रविवार को अपरान्ह 3 बजे से पूर्व निर्धारित स्थल में होगी। पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष रामकुमार साहू, सचिव /प्रांतीय उपाध्यक्ष शिवकुमार साहू, उपाध्यक्ष गोवर्धन साहू, सहसचिव राधेश्याम दुबे, कोषाध्यक्ष आईएम कुरैशी, संगठन मंत्री चमनलाल साहू, कार्यकारिणी सदस्य नेहरू साहू, ने सभी पेंशनरो से इस बैठक में भाग लेने की अपील की है।

# रसेला स्वास्थ्य केंद्र की छत से पानी टपकने और प्लास्टर गिरने से डॉक्टर-मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रसेला के साथ साथ डाक्टर और नर्स क्वार्टर में बारिश के कारण कई जगहों पर पानी टपक रहा है। इससे अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों को परेशानी हो रही है। इसी तरह डाक्टर और नर्स क्वार्टर का बुरा हाल है। ग्रामीण सहायक चिकित्सा डॉ प्रज्ञेश देवांगन ने बताया कि जिस क्वार्टर में निवास करता हूं वहां की छत के प्लास्टर गिर रहें हैं। बरसात में पानी भी टपकता है, इसी कड़ी में नर्स क्वार्टर इतना कंडम हो चुका है कि वहां कोई कर्मचारी रहता ही नहीं। अस्पताल से लेकर आवासीय परिसर में पानी टपकने की समस्या कोई नई नहीं है, पहले भी कई बार इसकी शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं निकाला है। पानी टपकने के कारण मरीजों को परेशानी हो रही है, और डाक्टर को भी अपने निवास पर सुरक्षित नहीं है। यह समस्या कई सालों से चली आ रही है लेकिन अभी तक कोई संज्ञान नहीं लिया गया है। डॉ ने कहा पानी टपकने के कारण छत गिरने का भी खतरा हमेशा बना रहता है,ऐसी स्थिति में यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता हैं। सीलिंग के प्लास्टर उखड़ कर गिर रहें हैं। डीएम और सीएमओ निरीक्षण पूर्व के जिलाधिकारी भी कर चुके हैं, लेकिन किसी भी अधिकारी ने इस समस्या से निजात दिलाने की जहमत नहीं उठाई, इसी कड़ी में जिला पंचायत सीईओ जीआर मरकाम ने ग्राम रसेला पहुंचकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया गया था ।

## डाक्टर और नर्स क्वार्टर में जगह -जगह टपक रहा पानी

### भवन हो चुका जर्जर

उसी समय अस्पताल और डाक्टर और नर्स क्वार्टर के बारे में सभी वस्तुस्थिति की बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया था। उन्होंने तुरंत एसडीएम को नोट करने के लिए बोला गया, मगर अभी तक कुछ भी नहीं हुआ। लोगों का कहना है कि डॉ, नर्स और स्वास्थ्यकर्मियों के रहने के लिए जो आवास बना है, वहां भवन जर्जर हो चुका है।




### दस साल से ग्रामीण झेल रहे असुविध

वहीं स्वास्थ्य केंद्र पर तैनात स्वास्थ्य कर्मी बार बार गुहार लगाकर थक हार चुके हैं। पिछले 10 सालों से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना के बाद यहां के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति उम्मीद जगी और लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं भी मिला रहा है। लेकिन पिछले 10 सालों से असुविधा का सामना करना पड़ा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है, डॉ सहित स्वास्थ्य कर्मी डर के साए में नौकरी करने को मजबूर हैं, तो लोगों को स्वास्थ्य सेवा कैसे मिल पाएगी। इसके बारे में डॉ राहुल नेताम ने कहा कि जीवन दीप समूह की बैठक में चर्चा के साथ उच्चअधिकारियो को अवगत गया है।

### मैनपुर का दुबराज चांवल कभी ओड़िशा सहित विभिन्न प्रदेशों में जाता था अब नाम मात्र की रकबा

# कीटनाशकों के उपयोग से दुबराज जीराफूल व धान की महक गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड वनांचल मैनपुर क्षेत्र के सुगंधित दुबराज चांवल की महक कभी ओड़िशा सहित विभिन्न प्रदेशों में महक उठता था और मैनपुर का दुबराज चांवल को बड़े-बड़े व्यापारी राजनेता खरीदकर ले जाया करते थे मुंह मांगी कीमत किसानों को मिलता करता था लेकिन अंधाधुंध कीटनाशकों के उपयोग से अब दुबराज चांवल की महक जहां एक ओर गायब होती जा रही है वहीं खेतों से भी अब यह धान लगभग गायब होने की कगार पर है। आज की स्थिति में कुछ शौकीन किसान अपने घर के नीजी उपयोग के लिए ही दुबराज की फसल ले रहे है। मिली जानकारी के अनुसार मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टेयर में किसान धान की फसल लेते है लेकिन सुगंधित धान की रकबा लगातार कम होती जा रही है कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पूरे मैनपुर विकासखण्ड़ में मात्र 850 हेक्टेयर के आसपास सुगंधित धान दुबराज, जवाफुल,



जीराफुल, विष्णुभोग, कमलाभोग जैसे सुगंधित धान की फसल लिया जाता है जिसमें दुबराज तो महज 80-90 हेक्टेयर में ही सिमट गया है और इन सुगंधित धानो में अब पहले जैसे महक भी नही रही इसके पीछे की वजह कृषि वैज्ञानिको के अनुसार बेहताशा रासायनिक खादो और कीटनाशको के उपयोग को बता रहे है। मैनपुर के वरिष्ठ किसान, आलिम अंसारी, त्रिभुवन पटेल, थानू पटेल का कहना है दुबराज, विष्णुभोग, जीराफुल को माई धान कहा जाता है और इसके फसल को तैयार होने में अन्य धान की अपेक्षा कुछ ज्यादा समय लगता है वही इन धान का अब डिमांड भी कम होता जा रहा है उत्पादन भी काफी कम हो गया है किसानो का कहना है एक एकड़ में दुबराज और जीराफूल की खेती करते है तो 7 से 8 क्विंटल से अधिक उत्पादन किसी भी हालत में नही होती वही हाइब्रिड धान की खेती से 18 से 20 क्विंटल तक उत्पादन होता है इसलिए किसान अब इन पतला सुगंधित धान की खेती कम कर दिये है।

### घर के हांडी में पक रहे दुबराज की महक मोहल्ले में फैल जाती थी

क्षेत्र के गृहणी माधुरी नायक, जंयती पटेल, संतोषी मरकाम के अनुसार पहले यदि किसी के घर में दुबराज चांवल पक रहा होता तो इसकी खुशबु और महक पूरे मोहल्ले में फैल जाती थी और लोग जान जाते थे कि इनके यहां दुबराज चांवल पक रहा है अब दुबराज चांवल पका लो खुद को भी महक पता नही चलता अब लोग दुकान से चांवल खरीदकर खाना पसंद करते है।

### सुगंध कम हो रही

मैनपुर के कृषि अधिकारी अभिनव सूर्यवंशी ने बताया की लगातार कृषि विभाग द्वारा सुगंधित धान की फसल लेने किसानों को प्रोत्साहित किया जाता है उन्होने कहा की मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में मात्र 850 हेक्टेयर में सुगंधित धान की फसल ली जाती है। श्री सूर्यवंशी के अनुसार के अनुसार अंधाधुंध रासायनिक खादो और कीटनाशकों के उपयोग के कारण धान से सुगंध कम होती जा रही है।

# राजिम संगम में बाढ़, कुलेश्वर मंदिर का चबूतरा पानी से घिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम संगम में तीनों नदी पैरी-सोंढूर और महानदी ऊफान पर है। नदी के बीच ऐतिहासिक भोलेनाथ कुलेश्वर महादेव मंदिर का चबूतरा बाढ़ की धार से आधा से ज्यादा भाग को घेर लिया है। यह स्थिति बीती शुक्रवार की आधी रात से बनी है जब धमतरी के गंगरेल जलाशय से 27 हजार क्यूसेक ाानी महानदी में छोड़ा गया। हालांकि गरियाबंद जिले के राजिम के तटवर्ती गांवो को इससे कोई खतरा नही है। परंतु एहतियात के तौर पर कुछेक गांवो में मुनादी कराई गई है। ग्रामीणों को अलर्ट रहने कहा गया है। बता दें कि राजिम संगम से महानदी के रूप में बाढ़ की धार काफी रफ्तार से आगे बढ़ रही है। राजिम और नवााारा शहर के तटबंध तक पानी का फैलाव किसी समुद्र की भांति नजर आ रहा है। बाढ़ से दोनों शहर को किसी भी प्रकार का कोईखतरा नहीं है क्योंकि दोनों शहर के नदी तट पर बहुत ही मजबूत तटबंध बना हुआ है। नदी के दोनों पाट और तीनों पुल से इस वृहंगम दृश्य के नजारे का आनंद शहरवासी ले रहे है। बताना जरूरी होगा कि नवापारा से मगरलोड मार्ग पर बेलाही घाट पुल में लोगों की सुरक्षा के लिए बेरिकेटिंग किए लोहे के पाइप की चोरी लगातार हो रही है। पुल का कुछ हिस्सा इस तस्वीर में साफ देखी जा सकती है कि जरा सा भी असावधानी हुआ तो गाड़ी, मोटर अथवा बच्चे सीधे नदी की धार में नजर आएंगे। ठीक इसी तरह राजिम-परसवानी पुल की भी स्थिति है। विभाग के अफसर इस स्थिति से वाकिफ है बावजूद इस पर ध्यान नही देना समझ से परे है। शाम होने के बाद शहरवासी इन पुलो में वॉक करने निकलते है। साथ में छोटे बच्चे लड़कियां भी शामिल रहती है। कभी भी अनहोनी हो सकती है।

# बिजली दर वृद्धि पर कांग्रेस ने कार्यालय घेरा की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक क्रांग्रेस कमेटी के तत्वाधान मे अभनपुर मुख्यालय बिजली कार्यालय का घेराव व तालाबंदी कर एसडीएम रवि सिंह को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा गया।

इस मौके पर प्रदेश सचिव प्रवीण साहू ने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनता को राहत देने के उद्देश्य से 400 यूनिट बिजली बिल हॉफ योजना लाई थी लेकिन भाजपा सरकार आते ही इस योजना को बंद दिया और लगातार बिजली दरो मे वृद्धि की जा रही है गरीब व मध्यम वर्ग के घरो का बजट पूरी तरह बिगड़ चुका है यह भाजपा सरकार की जनविरोधी नीति का स्पष्ट प्रमाण है।



**400 यूनिट हाफ लागू करने की मांग**-कांग्रेस पार्टी इसे किसी भी हाल मे बर्दाश्त नही करेगी। रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा ने ज्ञापन सौपते कहा कि अभी कांग्रेस कमेटी के द्वारा कार्यालय का घेराव कर विरोध दर्ज कराया जा रहा है यदि भाजपा सरकार तुरंत बिजली दरो मे की गई बढ़ोत्तरी को वापस नही लिया और 400 यूनिट तक हॉफ बिजली बिल योजना को पुन लागू नही किया तो आने वाले समय मे कांग्रेस पार्टी प्रदेशव्यापी जन आंदोलन सडक़ से लेकर विधानसभा तक करेगी। इस मौके पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमे कांग्रेस कार्यकताओ के अलावा आम नागरिक भी हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज किया। उक्त कार्यक्रम मे विद्या भूषण सोनवानी, श्रीमती नीमा निम्बेकर, श्रीमती रूपा कोसरिया, श्रीमती रेणुका साहू,बलविंदर गांधी,फ़तीश साहू , मोहन साहू, तुलेश साहू , जयवर्धन बघेल , प्रमोद मिश्रा , नीलकमल गिलहरे , डोमेन्द्र साहू , बीरेंद्र सिन्हा , पार्थ वैष्णव , विनोद ध्रुव, योगेश राठी , महमूद खान , डोमेश सिन्हा , बीरबल टंडन ,घनश्याम साहू ,दिलीप बंजारे,हीरा लाल साहू ,राजेश कुमार साहू , हेमुलाल लहरी , सौरभ साहू , मनीष चक्रधारी , रानू डहरिया , प्यारे लाल चक्रधारी, इन्द्र राम पटेल , जगत राम साहू, मनोहर लाल साहू , कन्हैया शर्मा , कमलेश बघेल , भरत देवांगन , संतोष साहू , दिनेश राव अम्बिलकर , राजकुमार शर्मा , डोमन साहू , सुमित तंबोली , शेष नारायण हरवंश सहित सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता सहित स्थानीय नागरिक गण मौजूद रहे।

## खतरे की घंटी...



**अभनपुर।** लापरवाही,कभी भी हो सकता है हादसा खोरपा मेन रोड जरहू पुलिया के पास अनियंत्रित ट्रक ने सोलर लाइट पोल तोड़ा, ट्रक हटाया गया पर पोल अब भी टेढ़ा लटक रहा है।

### स्थानांतरण होने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी को विदाई दी गई

# कार्यकाल मेरे लिए प्रशासनिक सहित आत्मिक यात्र रही: जोशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फिंगेश्वर में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी के पामगढ़ जिला जांजगीर में स्थानांतरण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवं गुलाल से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी ने कहा कि मुझे 2 वर्ष 10 माह तक फिंगेश्वर ब्लाक में बी ई ओ के रूप में रहकर कार्य करने का अवसर मिला जिसमे आप लोगों का साथ मेरे लिए हमेशा स्मरणीय रहेगा और यह मेरे लिए यह अमूल्य उपहार है। प्राचार्यो, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर किए गए कार्य एवं पल मुझे जीवन पर्यंत याद रहेंगे। यह कार्यकाल मेरे लिए केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि एक आत्मीय यात्र रही है। आप लोगों के स्नेह, आत्मीयता एवं सहयोग के कारण मै अपना शैक्षिक कार्य सुचारु रूप से संपादित कर पाया, जिसके लिए मैं ब्लाक के सभी



### ये रहे उपस्थित




इस अवसर पर प्राचार्य नरेंद्र यद्यु, ओमप्रकाश सिन्हा, रम्भा ध्रुव, प्रधान पाठक सोहन सेन, संकुल समन्वयक भुवन यद्यु, नरेश साहू, संतोष ठाकुर, हुलस साहू, पुरानिक ध्रुव, अशोक सोनवानी, संतोष साहू, दुलेश्वर सिन्हा, असीम श्याम हरित, किरण साहू, छगन दीवान, दशरथ वर्मा, विनोद साहू, सुखेन साहू, भारती नामदेव, अंजनी यादव, आशीष सेन, टोकेश साहू, लेखापाल मनीष देवांगन, ललित डड़सेना, उत्सव यद्यु, जयंत यद्यु, सुखराम साहू, धनवंतरी सिन्हा, देवेंद्र सिन्हा, दिव्या गोस्वामी, अंजू यादव, चेतन गायक वाड, नेतराम तारक सहित फिंगेश्वर ब्लॉक के प्राचार्य, प्रधान पाठक, संकुल समन्वयक, शिक्षक एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

प्राचार्यो, प्रधान पाठकों, संकुल समन्वयकों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का हृदय से आभार व्यक्त करता हुं। चंद्रशेखर मिश्रा (सेवानिवृत बीईओ) ने कहा कि जोशी सर बहुमुखी प्रतिभा एवं व्यक्तित्व के धनी थे। उनके विचार एवं सादगी पूर्ण व्यवहार लोगों को प्रभावित करता है। वे एक दूरदर्शी, समर्पित और अनुशासित अधिकारी रहें हैं, जिन्होंने अपने कार्यकाल में शिक्षा क्षेत्र को उत्कृष्ट दिशा दी। विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा ने जोशी सर की उज्जवल भविष्य की कामना के करते हुए कहा कि आपका जीवन सहज, सरल एवं सादगी पूर्ण रहा है। आप कठिन से कठिन कार्य को बड़े ही सहजता के साथ करते थे। आपके साथ रहकर कार्य करते हुए मुझे बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। वर्षा नेताम प्राचार्य ने कहा कि आपकी नई जगह में स्थानांतरण के लिए शुभकामनायें देते हुए कहा कि आपके मार्गदर्शन में कार्य करना एक सुखद अनुभूति रही है। पूरन लाल साहू प्राचार्य ने कहा कि आप समय के पाबंद, मिलनसार, कार्य के प्रति समर्पित एवं शिक्षा के साथ साथ संगीत में भी आपकी रूचि थी। आपके समर्पण और नेतृत्व प्रेरणादायक रहा है। आलोक शर्मा प्रधानपाठक ने कहा कि आपका कार्य क्षेत्र सहयोगात्मक रहा है। आप शिक्षकों की समस्या का निराकरण करने के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। संजय एक्का.प्राचार्य ने विदाई गीत गाकर उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया।वहीं ब्लाक के प्राचार्य,प्रधान पाठकों,संकुल समन्वयको एवं कर्मचारियों ने नई जगह पर कार्य करने के लिए सुखमय जीवन की कामना करते हुए बधाई दी।कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता कुमान सिंह धुरव प्राचार्य व आभार व्यक्त उमेश यदु शिक्षक ने किया।कार्यक्रम के अंत मे शाल,श्रीफल,कलम डायरी एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी का सम्मान किया गया।

# चौकसील पहाड़ी पर 6 को लगेगा मेला

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के आदिवासी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के उदंती अभ्यारण के घने जंगल के अंदर मनोरम एवं धार्मिक स्थल पहाडी चौकसील में हर वर्ष दशहरा के शरद पूर्णिमा पर लगने वाला मेला का शुभारंभ 05 अक्टूबर रविवार को विधिविधान के साथ किया जायेगा दोपहर 1 बजे चौकसील गढियामाता, कुलेश्वरी माता एवं चार चौरासी गादीमाता चौकसील पहाड़ के सभी देवी देवताओं की पूजा अर्चना किया जाएगा शाम 4:30 से स्थानीय देवी देवताओं एवं अन्य क्षेत्रे से देवी-देवताओं का आगमन स्वागत के पश्चात सभी देवताओं का स्थापना अतिथि के रूप में पधारे झांकर बैगा, पुजारी, सिरहा एवं अन्य अतिथियों का स्वागत रात्री 8 बजे से सामाजिक प्रमुखों का विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया है एवं दूसरे दिन 06 अक्टूबर दिन सोमवार शरद पूर्णिमा को इस चौकसील पहाड़ी में मेला का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में यह पहला मेला है जो बगैर बिजली के में शरद पूर्णिमा के चन्द्रमा की रौशनी में लगता है जिसमें हजारो की संख्या में छत्तीसगढ़ ओड़िशा के लोग शामिल होने पहुंचते है 06 अक्टूबर को सुबह से देवी- देवताओं की पूजा अर्चना के साथ पुन्नी मेला का शुभारंभ किया जायेगा एवं दोपहर 12 बजे से आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा जनप्रतिनिधियों, समाज प्रमुखों का उद्बोधन तथा रात्रि 9 बजे से सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से लगभग 40 किमी दूर उदंती अभ्यारण के भीतर चौकसील पहाड़ी में यह मेला का आयोजन प्रतिवर्श किया जाता है यहां का पहाड़ी चौकोर है जहां बड़ी चट्टान पत्थर की मैदान में मेला का आयोजन किया जाता है ऊपर मंदिर का भी निर्माण किया गया है साथ ही यहां पहुचंने के लिए ग्रामीणों द्वारा स्वयं श्रमदान कर अस्थाई सड़क का निर्माण किया गया है और तो और छत्तीसगढ़ सहित ओड़िसा, बस्तर और महाराष्ट्र तेंलगाना से भी बड़ी संख्या में यहा मेला में शामिल होने लोग पहुंचते है और विभिन्न धार्मिक आयोजन के साथ आदिवासी संस्कृति और परम्परा का यहां झलक देखने को मिलता है।



■ आज देवी देवताओं के आगमन के साथ किया जायेगा मेला का शुभारंभ

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### करचाली में गोंड समाज ने नवा खाई पर्व धूमधाम से मनाया गया



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम करचाली में शनिवार को आदिवासी ध्रुव गोंड समाज ने एकत्रित होकर नवा खाई पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सर्व प्रथम गांव में बाजा गाजा के साथ कलश यात्रा निकाली गई और सभी आदिवासी के घरों के सामने भगवान बड़ादेव की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया गया। इस कार्यक्रम में गंगाराम नेताम, रेखुराम नेताम, पिलालाल नेताम, आशाराम ध्रुव, भुवन ध्रुव, जीवन ध्रुव, बाबूराम ध्रुव, चैतराम ध्रुव, सोनशाय ध्रुव, कवल ध्रुव, कैलाश ध्रुव, मिलन ध्रुव, केवल ध्रुव, भुनेश्वर ध्रुव, दीपक नेताम, संतोष ध्रुव, राकेश नेताम, धनेश ध्रुव, जीतेन्द्र ध्रुव, त्रिवेदी ध्रुव, चेतन ध्रुव, गौतम ध्रुव, सतीश ध्रुव, पोखराज ध्रुव, दुस्यंत नेताम, डोमन ध्रुव, भूपेश ध्रुव, महेंद्र ध्रुव, चित्रांगन ध्रुव, गुलशन ध्रुव, कुलेस्वर ध्रुव, लीलाधर ध्रुव, धर्मेंद्र नेताम, यादराम ध्रुव सहित समस्त आदिवासी ध्रुव गोंड समाज उपस्थित रहे।

### विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन आज

**नवापारा-राजिम।** नवापारा शहर में 5 अक्टूबर को गायत्री मंदिर शीतलापारा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का श्री विजयादशमी उत्सव एवं पथ संचलन का कार्यक्रम होने जा रहा है। इस अवसर पर 100वें स्थापना दिवस को पूर्ण करेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10:30 बजे संचलन के साथ होगा। मंचीय कार्यक्रम 11:30 बजे से। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर के वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में नागेंद्र वशिष्ट क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मध्य क्षेत्र होंगे। कार्यक्रम में बस्ती प्रमुख भूपेंद्र सोनी व बस्ती पालक प्रदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में आरएसएस के कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

**समस्या :** 8 गांव के किसानों ने नवापारा-कुरूद मार्ग पर दुलना-कठौली के पास हाईवे पर किया चक्काजाम

# गंगरेल से पानी छोड़े जाने के बाद आधा दर्जन गांव के करीब 700 एकड़ की फसल डूबी







हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

हरिभूमि ग्राउंड रिपोर्ट

धमतरी के गंगरेल जलाशय से महानदी में 27 हजार क्युसेक पानी छोड़े जाने की वजह से नवापारा शहर से लगे करीब आधा दर्जन गांव के करीब 6-7 सौ एकड़ फसल पानी में डूब गया है। गंगरेल से छोड़े गए पानी का बहाव आधी रात को महानदी के तटवर्ती गांव दुलना, कठौली, पटेवा, धूमा, परसट्ठी,नारी, मौरीकला खार में पहुंच गया। सुबह किसान जब सोकर उठे और खेतों की ओर गए तो देखा उनका फसल बर्बाद हो गया है। आक्रोशित किसान अपने-अपने गांव से निकलकर दुलना-कठौली के पास पहुंचे और नवापारा-कुरूद-धमतरी हाइवे में चक्काजाम कर दिया। चक्काजाम करने से सड़क के दोनो साइड करीब चार सौ ट्रके, कार, ट्रेक्टर, हाइवा जैसे छोटे-बड़े वाहन खड़े हो गए। चक्काजाम की खबर पर धमतरी एवं रायपुर जिले के प्रशासनिक और एरीगेशन आफिसर मौके पर पहुंचे। किसानों को मनाने का प्रयास किया परंतु किसान टस से मस नहीं हुए। इसी बीच पीसीसी के पूर्व चीफ धनेंद्र साहू भी धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों एवं अफसरों से बात किया परंतु किसान अडिग रहे। किसानों का कहना था कि दुलना में महानदी के बीच जो एनीकट बनाया गया है वह गलत जगह बना है। इसकी हाइट कम की जाए या फिर इस एनीकट को डिस्पोज किया जाए तभी किसानों की खेती बच सकती है। भीड़ में मौजूद किसान ये भी कह रहे थे कि इस एनीकट में कुल 73 गेट लगाया गया है जिसमें से 23 गेट बारिशकाल होने के बावजूद बंद करके रखा गया है। इस वजह से बाढ़ की धार नीचे की ओर रफ्तार से जाने की बजाए उलट चलते हुए नाले से होते हुए इन गांवों के खेतों में पहुंच जाता है। यह कोई पहली बार नहीं है इसके पहले भी इन गांवों के किसानों को नुकसानी और परेशानियों का सामना करते रहना पड़ा है। ये स्थिति तब-तब बनती है जब-जब महानदी में बाढ़ आती है अथवा गंगरेल जलाशय से ओवरफ्लो होने पर पानी छोड़ा जाता है। किसानों को मनाने और समझाने पहुंचे अफसरों ने सर्वे कर मुआवजा राशि तैयार करने की बात कही परंतु आक्रोशित किसान यह कहते नजर आए कि जितना लागत लगा होता है उससे बहुत कम मुआवजा मिलता है इसे लेकर क्या करेंगे? सुबह से लेकर शाम तक किसान नारेबाजी करते हुए धरना में बैठे रहे और चक्काजाम जारी रहा। देर शाम बारिश शुरू हो जाने के बावजूद किसानों की भीड़ पानी में भीगते खड़े रहे। ईधर अधिकारी वर्ग भी बुरी तरह से भीगे हुए नजर आए।



### सैकड़ों एकड़ फसल पानी में डूबा

महानदी के तटवर्ती गांव दुलना के 100-150 एकड़, कठौली के 300 एकड़, पटेवा के 50-60 एकड़, धूमा के 60-70 एकड़, परसट्ठी-नारी-मौरीकला के करीब 100-150 एकड़ खेतों की फसल पानी में डूबा हुआ है। जिन किसानों के खेत डूबे हुए हैं उनमें हरिमोहन साहू 4 एकड़, हेमंत साहू 4 एकड़, नारायण साहू 4 एकड़, सुरेश साहू 4 एकड़, मुकेश साहू 5 एकड़, नंदलाल साहू 2 एकड़, शत्रुहन निषाद 1 एकड़, बालाराम साहू 4 एकड़, नारायण साहू 4 एकड़, अलेन साहू 2 एकड़, भानी साहू 2 एकड़, बिसन साहू 1.5 एकड़, विसंभर 1.5 एकड़, भोज साहू, लक्ष्मण साहू, संतू साहू, दौवा रामसाहू, मनहरण साहू, चेतन साहू, असंत साहू, लाला साहू, मनोज साहू 1-1 एकड़ व कठौली, पटेवा, धूमा, परसट्ठी,नारी, मौरीकला के सैकड़ों किसान हैं जिनके सैकड़ों एकड़ फसल पानी में डुबा हुआ है।

### एनीकट के अधिकांश गेट खराब

इस विकराल समस्या को लेकर इन गांवों के किसान पूर्व में भी सिंचाई विभाग के अधिकारियों को अवगत कराया था परंतु विभाग के अधिकारी यदि ध्यान दिए होते तो ये नौबत नहीं आती। पिछले 11 वर्षों 2016 से किसान इस विपदा से जुझ रहे है। जब-जब किसानों के ऊपर विपदा आई है तब से हरिभूमि ने अफसरो और शासन का ध्यान आकर्षित करते चला आ रहा है। बता दें कि इस संबंध में हरिभूमि ने वर्ष 2016 के 12 सितंबर,1 अक्टूबर और 8 अक्टूबर के अंक में बाढ़ से प्रभावित किसानों की पीड़ा को शासन तक पहुंचाया था। ईधर विभाग के अफसरो का कहना है कि एनीकट के अधिकांश गेट लगभग खराब है जिस वजह से समय में खुल नहीं पाता। परिणामस्वरूप बाढ़ का पानी रिवर्स हो जाती है।

### चक्काजाम की सूचना पर मौके पर पहुंचे अधिकारी

अभनपुर तहसीलदार लवण मंडन, कुरुद तहसीलदार दुर्गा साहू, भखारा टीआई प्रमोद अमलतास, बिरेझर एस आई, नवापारा थाना से घनश्याम प्रसाद, कमल बघेल, खेमलाल तारक, हुलास साहू, वेद प्रकाश खूंटे, सोनू निर्मलकर मौके पर पहुंचे। दुलना के किसान दौवाराम साहू, हेमंत साहू, पटेवा के किसान श्यामलाल साहू, नारायण साहू, लीलाराम साहू, धूमा के किसान चमन साहू, भुनेश्वर साहू, कठौली के गौकरण साहू, उत्तम प्रकाश साहू, डोमन साहू जैसे सैकड़ों आक्रोशित किसानों ने अपनी पीड़ा का बखान किया है। अब देखना यही है कि इन किसानों की पीड़ा का निराकरण किस तरह से होता है। वहीं खेतों में बाढ़ के पानी कम होने के बाद ही सर्वे में पता चलेगा कि किसानों को किस हद तक नुकसान हुआ है।



# बिजली बिल में बढ़ोत्तरी, कांग्रेसियों ने रैली निकल सबस्टेशन का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



राज्य के भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली योजना को बंद करने के बाद लगातार बिजली बिल में बढ़ौत्तरी से आम जनता त्रस्त हो चूके है जिसके विरोध में शनिवार को ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में जंगी रैली निकाली गई। यह रैली नेशनल हाईवे से नारेबाजी करते बिजली सब स्टेशन पहुंची।

इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के बल बड़ी संख्या में सब स्टेशन के चारो तरफ तैनात किए गए थे कांग्रेसी कार्यकर्ता और नेता पुलिस के बेरीकेट को तोड़ते हुए सब स्टेशन के गेट पर चढ़ गए और सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करने लगे। इस दौरान कांग्रेस नेताओं ने अपने साथ बिजली के मीटर भी लेकर पहुंचे थे और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल हाफ बिजली योजना को प्रारंभ करने की मांग किया गया। इस दौरान प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा छत्तीसगढ़ में जब से भाजपा की सरकार बनी है प्रदेश के आम जनता परेशान हो गई है विष्णुदेव साय सरकार बिजली बिल के नाम पर जनता को लुटने का कार्य कर रही है 54 हजार उपभोक्ता क्षेत्र में परेशान है आज इस सरकार में आम जनता की समस्याओं को सुनने वाला कोई नही है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार प्रदेश में हर मोर्चे पर फैल साबित हुई है महतारी वंदन योजना में 1000 देकर विष्णुदेव की सरकार बिजली बिल की माध्यम से कई गुना ज्यादा वसूली कर रही है इस महिने से बिजली बिल से जनता में त्रही-त्रही मची हुई है। श्री ध्रुव ने कहा आगे कांग्रेस द्वारा और उग्र आन्दोलन किया जायेगा।

### बिजली बिल बढ़े हुए दर से जनता में आक्रोश

ब्लाक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा की कांग्रेस के भूपेश बघेल सरकार प्रदेश भर में बिजली बिल हाफ छुट की योजना शुरू की थी यह योजना हर वर्ग अमीर गरीब सबके लिए लागू की गई थी लेकिन भाजपा सरकार बिजली बिल में जनता को परेशान कर दिया है जनता में हाहाकार मचा हुआ हैं। पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष शाहिद मेमन ने कहा की बढ़े हुए बिजली बिल के कारण प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ आक्रोश बढ़ता जा रहा है छत्तीसगढ़ प्रदेश सरप्लस बिजली वाला राज्य होने के बावजूद सरकार द्वारा जन विरोधी निर्णय से जनता में आक्रोश देखा जा रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, शाहिद मेमन, युवा कांग्रेस अध्यक्ष सोहन नागेश, डोमार साहू, तनवीर राजपूत, दुलेन्द्र नेगी, तीव सोनी, पवन जगत, रामभरोसा मरकाम, निहाल नेताम, सरपंच गज्जू नेगी, गजेन्द्र यादव, विरेन्द्र राजपूत, इमरान खान, गोरे नागेश, नजीब बेग, लोकनाथ साहू, निखिल नेताम, सेवन दिवान, धन्नसू दिवान, हुलार कश्यप, पारेश्वर नेगी, रोहन मरकाम, नंद किशोर पटेल, सुखचंद ध्रुव, देव ध्रुव, संतोष निर्मलकर, ठाकुर राम यादव, दादूखान, ललित यादव, उवैश भट्टी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री धनेन्द्र के नेतृत्व में बिजली ऑफिस का घेराव





**नवापारा-राजिम।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व चीफ,पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू के नेतृत्व में शनिवार को कांग्रेसजनो ने जमकर नारेबाजी करते हुए पारागांव -नवापारा बिजली ऑफिस का घेराव व तालाबंदी किया। इस अवसर पर श्री साहू ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर बेतहाशा मूल्य वृद्धि करना एक तरह से प्रायोजित लूट है। कहा कि बढ़े हुए बिजली बिल भाजपा सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण छत्तीसगढ़ की जनता को महंगी बिजली खरीदनी पड़ रही है। कांग्रेस सरकार की समय से वर्तमान भाजपा सरकार के राज में हर उपभोक्ता का औसतन बिजली बिल दोगुना हो गया है। कांग्रेस सरकार ने 5वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओ को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था। जिसका लाभ प्रदेश के 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओ को मिलता था। इस माह बढ़े हुए बिजली बिल के कारण जनता परेशान हो गई है। श्री साहू ने कहा कि कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी और हमे ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है। कांग्रेस पार्टी राज्य भाजपा सरकार के इस तरह के अन्यायपूर्ण फैसले का विरोध करती है।

### ये रहे शामिल

नवापारा कांग्रेस कमेटी एवं नवापारा ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आयोजित इस घेराव, तालाबंदी एवं धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष चंद्रहास साहू, डामन साहू, नवापारा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, ग्रामीण कमेटी के अध्यक्ष गिरधारी साहू, नपा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री राजा चावला, पार्षद रामरतन निषाद, चतुर जगत, रामकुमार शर्मा, सुशील बोथरा, टिकेश गिलहरे, अजय साहू, अर्जुन साहू, हेमंत साहनी, दीपाली राजपूत, रेखा तिवारी, रुक्मणी साहू, सुनील जैन, बीरबल राजपूत, गोल्डी पारख, सुरेंद्र साहू, अनूप खरे, अहमद रिजवी, विजय तारक, मानसिंह ध्रुव, प्रतीक साहू, वीरेंद्र साहनी, अमर गिलहरे, संजीव गोस्वामी, कुंती साहू, सविता-ताराचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता शामिल थे।



### गिरीश देवांगन ने घटारानी में माता को चुनरी चढ़ाई

**छुईहा बेलर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन का हालिया छुईहा बेलर और घटारानी क्षेत्र का प्रवास, आध्यात्मिकता और जनसंपर्क का एक अनूठा मिश्रण साबित हुआ। अपने प्रवास के दौरान, गिरीश देवांगन विशेष रूप से प्रदेश के सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ माँ घटारानी धाम पहुँचे। यहाँ उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में जाकर माता के श्रद्धापूर्वक दर्शन किए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की, माता को चुनरी चढ़ाई, और प्रदेशवासियों की उन्नति, खुशहाली एवं मंगलमय भविष्य की कामना की। क्षेत्र में पहुँचने पर, कांग्रेस कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं ने उनका आत्मीय स्वागत किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया यह अभिनंदन इस बात का प्रमाण रहा कि गिरीश देवांगन अभी भी क्षेत्र के जनमानस से गहराई तक जुड़े हुए हैं। इस अवसर पर उनके साथ वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आलोक चंद्राकर, श्रीराम गीडलानी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू, चेतन सिंह, कौशल सिन्हा, इंद्रजीत सिन्हा, और रुस्तम सिन्हा उपस्थित थे।

# मेडकीडबरी में दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी 6 को



**रसेला।** ग्राम मेडकीडबरी में दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी 6 अक्टूबर से 7 अक्टूबर को समापन होगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति लेखराज ध्रुवा, अध्यक्षता सरपंच रवि सिंह मरकाम, विशिष्ट अतिथि होंगे जनपद सदस्य सुखराम ठाकुर, उपसरपंच धनसाय ध्रुव, हेमलता ध्रुव सरपंच दादरगाव, जनक राम ध्रुव पूर्व सरपंच तथा सभी ग्राम के प्रमुख के हाथों विधिवत भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुरुआत किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले रामधुनी मंडली जय महामाया बालिका मंडली मेडकीडबरी, जय मुसरगीन दाई रामधुनी मंडली केशोडार (गरियाबंद) जय मां शीतला मंडली नागाबुडा, जय मां बम्लेश्वरी मंडली कोसमी दर्रीपारा, जय मां ज्ञान दायिनी मंडली बोईरगाव जिला (धमतरी) जय मां शारदा रामधुनी मंडली तावरबाहरा गरियाबंद, जय मां शीतला मंडली पतोरादादर गरियाबंद, जय मां सरस्वती महिला मंडली मोहन्दा, जय मां शारदा रामधुनी झांकी मंडली नवाडीही गरियाबंद, राम जानकी महिला मंडली सातधार बिन्द्रानवागढ़ सहित ये सभी रामधुनी मंडली कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस कार्यक्रम का समापन 7 अक्टूबर को होगा जिसका मुख्य अतिथि होंगे कुमार सिंह ध्रुव अध्यक्ष ग्राम समिति मेडकीडबरी,जनक राम ध्रुव, बृजलाल, रमेश मरकाम, ठाकुर राम,बलदराम, रामा नायक, विक्रम दीवान, संतराम, आशाराम, चरण सिंह दीवान सहित ग्रामीण उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी और जनप्रतिनिधि जुटे हुए हैं। यहां कार्यक्रम गौरा चौक मेडकीडबरी में आयोजित किया जाएगा।










प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123